### एनकेजे थाना अंतर्गत सुरकी मोड़ के पास हुआ हादसा, 5 की हालत गंभीर

# दर्दनाक हादसाः 3 वाहन आपस में टकराए, 3 की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 78 पर सुरखी मोड़ के पास एक भीषण हादसा हो गया। हादसा इतना भयावह था कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब साढ़े 12 बजे हुआ।

## ये वाहन आपस में टकराए

बताया जाता है कि तीन वाहन आपस में टकरा गए जिसमें बड़े ट्राला क्रमांकः-HR 47 G4 675 से एक 407 क्रमांकः- MP 20 GB 2758 और एक स्कॉर्पियो क्रमांक MP 21 CB 1562 तेज रफ्तार से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक और महिला समेत 17 वर्षीय बालिका की जान चली गई। वही हादसे में 5 लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हे इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय लाया गया। जहाँ पर प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को इलाज के लिए जबलपुर



रिफर किया गया। पुलिस ने ट्रेलर में फंसे चालक को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया जिससे उसकी जान बच गई।

## हादसे में इनकी हुई मौत

हाईवे में हुए हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार हादसे में जिनकी मौत हुई उनमें मृतकों की पहचान राधा कोल पिता गोकुल कोल 17 वर्ष रूपोंध थाना बड़वारा, हेमा कोल पिता विजय कोल 32 वर्षीय ग्राम बरछेका थाना बड़वारा तथा मिलन कोल पिता परनाती कोल 50 वर्षीय के रूप में हुई हैं। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ये हुए घायल

सड़क हादसे में जो घायल हुए है उनमें पहलाद पिता मुन्ना कोल 35 वर्ष निवासी मझोली जबलपुर, शुभम विश्वकर्मा पिता लल्लू विश्वकर्मा 32 वर्ष निवासी नीबूया सीधी, गोकुल पिता अच्छेलाल कोल 40 वर्ष रूपोंध थाना बड़वारा, अच्छेलाल कोल पिता शुकला कोल 18 वर्ष रूपोंध थाना बड़वारा, नंदिनी पिता शंकर लाल कोल 18 वर्ष खीरवा नंबर 1 कटनी हैं। सभी को शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कार में 8 लोग सवार थे। सूत्रों के अनुसार सभी लोग किसी परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहें थे तभी हादसे का शिकार हो गए।

### खबर संक्षेप



## पुलिस ने चलाया जांच अभियान, दी हिदायत

**कटनी।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने नशे में वाहन चलाने वालों एवं अपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों पर रंगनाथ थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने पुलिस बल के तत्वों पर अंकुश लगाने देर रात सड़क पर जांच कार्यवाही की गई। बीती रात्रि मुख्य मार्ग पर रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवं पुलिस बल दो पहिया, चार पहिया वाहनों की सघन जांच करते हुए नजर आई। जांच कार्रवाई के दौरान जहां दोपहिया वाहन चालकों एवं चार पहिया वाहन चालकों की ब्रीद एनालाइजर के जरिए जांच की गई। वहीं वाहनों की भी संघनतापूर्वक जांच करते हुए चालकों को यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने की हिदायत भी दी गई। इस दौरान कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लिए आर्थिक रूप से दंडित करते हुए चालान बनाए गए।

## श्रेष्ठ कार्य करने वालों को किया गया पुरुस्कृत



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एक नई पहल प्रारंभ करते हुए माह जून के प्रथम सप्ताह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को नगद इनाम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया है। प्रधान आरक्षक राजकुमार शर्मा थाना एनकेजे को चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी में विशेष योगदान, तीन स्थाई वारंट तामील करने एवं गुम इंसान दस्तयाब करने पर पुरस्कृत किया। साथ ही प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा थाना बाकल को नाबालिक गुम बालक बालिकाओं को दीगर राज्य से दस्तयाब करने पर, प्रधान आरक्षक अरविंद गर्ग थाना विजयराघवगढ़ को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में महती सहयोग करने पर, आरक्षक विनोद गायकवाड थाना कैमोर को एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में सराहनीय कार्य करने पर तथा आरक्षक अमन सिंह थाना रीठी को विशेष रुचि लेकर सर्वाधिक समंस वारंट तामील करने पर पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक की यह पहल श्रेष्ठ कार्य करने वाले शासकीय पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों के मनोबल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

## लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस

**कटनी।** शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं मानसून के पूर्व नगर के नाले-नालियों की सफाई के कार्य में रूचि नहीं लेने तथा लापरवाही बरतने के कारण शहर के विभिन्न स्थलों में कचरे का ढेर एवं गंदगी पाए जाने के कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निगमायुक्त द्वारा जारी नोटिस में नगर की सफाई व्यवस्था के मूल्यांकन एवं बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था हेतु पूर्व में गठित विशेष दल की श्री सोनी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग नहीं किये जाने एवं अधीनस्थ अमलें पर इनका कोई नियंत्रण नहीं होने का उल्लेख किया गया है। साफ-सफाई व्यवस्था में रुचि न लिये जाने, नियमित रूप से भ्रमण ना करने एवं सौंपे गये दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के कृत्य पर निगमायुक्त द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी के के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर 02 दिवस के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।



## बाड़ी में लहलहा रहे थे गांजे के पौधे, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ममार स्थित बाड़ी में गांजा के पौधे उगाये जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर कार्यवाही की। थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम ममार में तालाब के पास मकान से लगी बाडी में अवैध रूप से गाँजे के पौधे लगाए गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए कुल 43 नग गांजे के पौधे जप्त किए गए हैं। जप्त किए गए कुल गाँजे की कीमत करीब 80,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष



डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रीठी राखी पांडे नेतृत्व में की गई है। गांजे के पौधे लगाने वाले आरोपी बबलू पिता गोकुल बर्मन 42 वर्ष गिरफ्तार किया गया एवं धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनोद पटेल, दिनेश सिंह चौहान, प्र. आर. राम पाठक, भोला गुप्ता, आर. नितेश दुबे, ज्ञानेंद्र चौधरी, अमन, राजेश शामिल रहे।

### ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में बिजली कटौती से हर कोई परेशान

## अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, कामकाज हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के अलावा रात को भी बिजली की कटौती की जा रही है। अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### कामकाज प्रभावित

उमरियापान- ढीमरखेड़ा-सिलौंडी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के इन दिनों बिजली की ज्यादा समस्या हो रही है। कोई दिन या रात



ऐसा नहीं बीत रहा,जिस दिन ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। सुबह- दोपहर और शाम के अलावा रात को भी बिजली की आवाजाही लगी रहती है।बिजली कटौती से प्रतिष्ठानों,लघु व्यवसाय, दुकानदार व सरकारी कार्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है।

### गर्मी से लोग परेशान, अंधेरे का फायदा उठा रहे चोर

ग्रामीण इलाकों में बिना रोस्टर के बिजली आपूर्ति की जा रही है। रात के वक्त कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। इससे ग्रामीण लोग भयभीत हैं। सुबह बिजली आपूर्ति न होने से पेयजल की समस्या होती है। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।ट्रिपिंग व लोकल फाल्ट की वजह से मुश्किलें और भी बढ़ जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति किए जाने का शेड्यूल निर्धारित है,लेकिन हकीकत में इतनी बिजली नहीं मिल पाती है। वहीं किसान भी बिजली कटौती की समस्या से पीड़ित है। ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जन सुनवाई में सुनी गई समस्याएं



मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में आम जनता के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा सहित अन्य राजपत्रित पुलिस अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी एवं कार्यवाही का भरोसा दिलाया। कंट्रोल रूम में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा खुद मौजूद रहे और वे लोगों को समस्याएं और शिकायते बड़ी गंभीरता पूर्वक नजर आए। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा 28 आवेदकों के आवेदन पत्रों पर सुनवाई कर उनका नियमानुसार निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक कटनी श्रीमती नेहा पचीसिया, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह मौजूद रहे।

## 14 जून तक वार्डवार समग्र ई-केवाईसी का कार्य करने हेतु विशेष दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समग्र ई-केवाईसी के कार्य में प्रगति लाने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी कर 14 जून तक प्रतिदिन वार्डवार ई-के.वाई.सी कार्य हेतु दल का गठन किया जाकर जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी व रविशंकर पाण्डेय सहायक सामुदायिक विकास संगठन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगमायुक्त दुबे ने गठित दल में शिविर हेतु 45 कर्मचारियों तथा 3 दल प्रभारियों को संलग्न करने हुए प्रति व्यक्ति का 210 ई-केवाईसी का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगमायुक्त ने आवश्यकतानुसार उचित मूल्य की दुकान एवं अन्य स्थानों में ई-केवाईसी कार्य किये जाने हेतु पृथक से पांच सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक कुल 15 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी श्री मुकेश राजपूत राजस्व उपनिरीक्षक को नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु कुल 15 कर्मचारियों को नियुक्त किया जाकर श्री लवकुश तिवारी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक को दल प्रभारी और वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए 15 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी का दायित्व श्री प्रकाश पांडेय प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक को सौंपा गया है। वहीं नागरिकों की ई-केवाईसी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 7 एवं 8 जून को वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक शिविर आयोजन हेतु गठित दल 16 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर इस दल का प्रभारी नागेन्द्र पटेल को बनाया गया है। निगमायुक्त ने दल प्रभारियों को प्रत्येक दो -दो घंटे मे दल के सदस्यों से रिपोर्ट लेने तथा नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी को कार्य की सतत रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए है। निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति न पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### जीआरपी ने की कार्रवाई, आरोपित को कोर्ट में किया पेश

## पकड़ा गया शातिर बदमाश, 2 लाख के जेवरात सहित मोबाइल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जीआरपी ने एक शातिर बदमाश को गिरपफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी के सोने के जेवरात एवं मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरी. एल.पी. कश्यप ने बताया कि रेल ईकाई जबलपुर के क्षेत्रातर्गत प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो, आउटरों में यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतारसी हेतु शिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशों में कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 15 जनवरी 25 को फरियादी राजेश कुमार निवासी ट्राफिक चौक कर्वी चित्रकूट उ.प्र. ट्रेन नं.- 18204 बेतवा



एक्सप्रेस के कोच नं.- बी 6 बर्थ नं. 17,18,19,20 में अपने परिवार के साथ चित्रकूट धाम कर्वी से रायपुर के लिये यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान रेल्वे स्टेशन अमदरा के पास अज्ञात बदमाश व्दारा फरियादी की पत्नी का लेडीज हैण्ड बैग जिसके अंदर एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल, नगदी 14000 रूपये, एक सोने की चैन, एक सोने का मंगल सूत्र, 04 नग सोने की अंगूठी कुल कीमती 200000 रूपये का सामान चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना में अप.क्र. 135/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना की गयी। दौरान विवेचना 09/06/2025 को आरोपी अजय कोल पिता वंशरूप कोल निवासी टिसिगिरी थाना अमदरा जिला मैहर म.प्र. के कब्जे से चोरी गया लेडीज हैण्ड बैग एवं सोना जेवरात एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चैन, 04 सोने की अंगूठी मशरुका जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उप निरीक्षक अनिल मरावी, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. मिश्रा, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र शर्मा, नन्हेलाल, बृजेश प्रताप सिंह, आकाश शुक्ला, आरक्षक अभिषेक सिंह, घनश्याम दीक्षित, सुनील परस्ते, गौरव सिंह, नवाब सिंह, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी की भूमिका रही।

### जनता के बीच पहुंच कर समस्याएं जानने और निराकरण की पहल

## देवरी हटाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरुवार 12 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने



अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरूवार 12 जून को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## शराब पीकर ट्रक चलाने पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है । शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत गत रात्रि ट्रक क्रमांक MP-20-HB-3815 के वाहन चालक लालमणि उर्फ बबलू सिंह ठाकुर के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थाना यातायात में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश की कार्यवाही की गई थी। उक्त प्रकरण के निकल हेतु मंगलवार को



प्रकरण न्यायालय पेश किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा उक्त ट्रक क्रमांक के मालिक के विरुद्ध 10500 रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित कर ट्रक को मालिक को सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश पर ट्रक मालिक को वाहन सुपुर्द किया गया।

खबर संक्षेप



## पांच मवेशियों को भेजा गया अमीरगंज गौशाला

**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्गों की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम की हांका गैंग द्वारा रोजाना सार्वजनिक मार्गों में अभियान चलाकर आवारा विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत दिवस जोन क्रमांक 3 के खिरहनी फाटक ओवर ब्रिज सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गों में हाका गैंग की टीम द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 5 मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अमीरगंज में अब तक कुल 65 मवेशी बंद किए जा चुके है। जिनमें 52 बेल तथा 13 गाय शामिल है। इन मवेशियों के लिए कांजी हाउस में चारा पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के मद्देनजर कृषि, उद्यानकी, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता तथा अन्य अनुषांगिक सेवाओं में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पूर्व से स्वीकृत अवकाश को निरस्त कर कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देश दिए हैं।

## लापरवाही बरतने पर राशन दुकान विक्रेता को हटाया

**कटनी।** शासकीय उचित मूल्य दुकान कौड़िया के विक्रेता संजय लोधी द्वारा ई-केवाईसी कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं लाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद ने आदेश जारी कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य से तत्काल पृथक कर दिया है। साथ ही वितरण व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु राहत स्व-सहायता समूह बंधी धूरी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान धूरी बंधी (दुकान कोड क्रमांक 4205078) में आगामी आदेश तक के लिये संलग्न किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लाभांवित हो रहे हितग्राहियो की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेताओं को निर्धारित समय-सीमा में ई-केवाईसी करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु विक्रेता संजय लोधी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता नहीं दी गई। जिसके पश्चात यह कार्यवाही की गई है।

## व्यापारियों के लिये गेहूँ के स्टॉक की सीमा लागू

**कटनी।** केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत व्यापारी अथवा थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक गेहूं का भण्डारण कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन तथा बिग चेन रिटेलर के प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिये भी 10 मीट्रिक टन गेहूं के भंडारण की सीमा तय की गई है। निर्देशानुसार गेहूं का यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रोसेसर मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर स्टॉक रख सकेंगे। सभी संबंधित इकाईयों को अपने स्टॉक की घोषणा सार्वजनिक वितरण विभाग के विभागीय पोर्टल पर करना होगा तथा भण्डारण निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक होने पर निर्धारित सीमा तक लाना होगा।

### बड़वारा क्षेत्र का मामला, अकेला पाकर कर देते हैं हमला, खानपान सामग्री भी कर रहे हैं बर्बाद

# बंदरों के आतंक से लोग खासे परेशान, वन अमला शिकायतों पर नहीं दे रहा कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा ग्राम में बंदरों ने ऐसा आतंक मचा रखा है कि लोग घर से बाहर निकलने में भी घबराते हैं। बंदर कब किधर से किस पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। लाल मुँह व काले मुंह के बंदरों के आतंक से लोग इस कदर परेशान हैं कि अपने छतों में जाने से घबराते हैं। बच्चे अकेले घरों से निकलने में डरते हैं वहीं महिलाओं को भोजन पकाते समय भी डंडा लेकर बैठना पड़ता है। बंदर झुंड में आते हैं, बच्चों, महिलाओं के अलावा बुजुर्ग, युवाओं को अकेला पाकर हमला कर देते हैं। दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित वन विभाग को भी इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन किसी भी जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं।

बड़वारा नगर में बंदरों ने हमला कर कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। कई बार बंदरों से बचने या उन्हें भगाने के चक्कर मे लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। बड़वारा के कई युवाओं, बुजुर्गों , महिलाओं एवं बच्चों को बंदरों ने काट कर घायल कर चुके है। बंदर इतने बेखौफ हो गए हैं कि मकानों की छत की सीढ़ी से उतर कर नीचे आ जाते है और पीछे से हमला कर दिया, जिससे कई बार लोग बहुत बुरी तरह घायल हो जाते हैं। बच्चों से लेकर महिलाओं एवं बुजुर्गों तक को बंदरों ने हमला कर घायल किये जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। बड़वारा नगर की हालत यह कि बंदर झुंड में छतों पर पहुंच जाते हैं और महिलाएं बच्चों को लेकर भागने को मजबूर हो जाती हैं। बंदरों को भगाने के दौरान कई बार वे हमला भी कर देते हैं।



### अनाज, सब्जी कर रहे तबाह

बंदरों ने इतना परेशान कर रखा है कि लोग अपने छतों में कोई भी खानपान सामग्री नहीं सुखा पाते। इसके अलावा बाड़ियों, खेतों एवं घरों में लोग सब्जियां भी नहीं उगा पा रहे हैं क्योंकि वानरदल सब कुछ बर्बाद कर देते हैं। स्थानीय वाशिंदों एवं किसानों का कहना है कि बंदरों के डर से हमने सब्जी लगाना ही छोड़ दिया है। लागत लगाकर यदि सब्जी भाजी लगाते भी हैं तो बंदर आकर नष्ट तो करते ही हैं, लोगों को अकेला पाकर उन पर हमला करके घायल भी कर देते हैं। बंदरों के झुंड को देखकर महिलाएं व बच्चे घरों में कैद रहने को विवश हो गयीं हैं। खाना बनाना मुश्किल हो गया है। बरामदे एवं छत पर यदि कोई सामग्री रखी होती है तो बंदर सब तहस नहस कर देते हैं।

### शिकायतों को कर रहे अनसुना

स्थानीय जनों ने क्षेत्रीय विधायक विधायक से लेकर बड़वारा तहसीलदार सिंह तथा जनपद पंचायत बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तक से बंदरों की वजह से हो रही परेशानियों से अवगत कराया लेकिन बंदरों को पकड़ने के लिए किसी तरह की कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### लोगों को हो रही परेशानी

बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार वन विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी हे बावजूद इसके बंदरों को पकड़ने या फिर जंगलों की ओर भगाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि शायद वन अमला किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है। वन विभाग की बेपरवाही का खामियाजा ग्रामीणजनों को उठाना पड़ रहा है।

**ये हो रहीं परेशानी**

- बंदरों के हमले से महिलाएं, बच्चे सहित युवा भी हो रहे घायल।
- बंदरों के डर से लोग घरों में कैद रहने हो रहे मजबूर।
- स्कूल जाने बच्चों को होती है दिक्कत।
- महिलाओं का काम करना मुश्किल।
- फसलें व सब्जियां हो रही बर्बाद।
- घरों की सामग्री कर रहे तहस नहस।
- खाना पकाना भी हो रहा चुनौतीपूर्ण।
- बंदरों की वजह से गली में, छत में अकेले जाने में बना रहता है खतरा।

## टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन 16 को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार 16 जून को टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में टीएल बैठक के पश्चात आयोजित होगी। बैठक में वन एवं वन्यप्राणी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं विभिन्न विषयों पर कार्यवाही के संबंध में चर्चा की जायेगी। बैठक में वनमंडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल निगम, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून को होगी

**कटनी।** जिला स्तेरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों की लंबी शर्तों के भुगतान के निराकरण पदोन्न ति क्रमोन्निति और समयमान वेतनमान के आदेश जारी होने की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

*निगमायुक्त ने प्रगति की समीक्षा कर गठित दल को दिये निर्देश*

# डोर टू डोर संपर्क कर ई केवायसी की अद्यतन जानकारी पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को निर्धारित समय से प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा किये जा रहे समग्र ई-केवाईसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा की जाकर इस कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं गठित दल के सदस्यों को जिम्मेदारी का निर्वहन कर निर्धारित समयावधि में लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी एवं अभियान के नोडल जागेश्वर पाठक, सहायक नोडल अधिकारी रविशंकर पांडेय, सहित वार्ड वसूली कर्ता, दरोगा, दल प्रभारियों की मौजूदगी रही।



### डोर टू डोर करें संपर्क

निगमायुक्त श्री दुबे नें समीक्षा के दौरान गठित दल को अभियान में शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु कार्ययोजना के तहत वार्ड की गलियों को चिन्हित करते हुए डोर टू डोर संपर्क कर परिवार आई डी के आधार पर सदस्यों की आई डी चिन्हित कर लंबित सदस्यों की ई-केवाईसी की अद्यतन जानकारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुबे नें वार्ड दरोगाओं को भी अपनें पास लंबित ई-केवाईसी की सूची रखने तथा इस कार्य में संलग्न दल को नागरिकों के घर का पता बताने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कियोस्क संचालकों को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश निगमायुक्त श्री दुबे ने दिए।

### मिशन मोड पर करें कार्य ताकि हितग्राही हो लाभांवित

निगमायुक्त श्री दुबे ने समग्र -ईकेवाइसी कार्य को मिशन मोड पर समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके।

## एसपी ने बैठक में अपराधों की रोकथाम के दिए निर्देश




पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कंट्रोल रू में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के पुलिस प्रशासन के कामकाज, दिशा-निर्देशों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक पुलिस प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में थाना प्रभारियों को जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक से जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में सुधार और अधिक प्रभावी कानून व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# नियमित सफाई नहीं होने से कचरा के लगे ढेर, गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

पचपेढ़ी ग्राम पंचायत में नियमित सफाई न होने के कारण गन्दगी की भरमार है। सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं।नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार सचिव सरपंच सहित जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई न होने से लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से बदबू आती रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर होकर बहता रहता है।



ग्रामीणों ने पंचायत सचिव धनंजय मिश्रा पर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्राम में निर्माण कार्य कराने और सफाई के नाम पर सचिव ने राशि निकाल ली, लेकिन सफाई कराई न तो निर्माण कार्य। ग्रामीणों ने फैली गंदगी को तुरंत साफ कराए जाने की मांग की है, जिससे कि लोगों को संक्रमित बीमारी फैलने से बचाया जा सके।

*कर्मचारियों से कहा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं*

# महापौर ने किया रोड क्रास ड्रेन का निरीक्षण, कार्य में गति लाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगन्नाथ चैक से राष्ट्रीय स्कूल मार्ग में अतिवर्षा के दौरान जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु स्थल पर निर्मित कराये जा रहे रोड क्रास ड्रेन का निरीक्षण सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किया जाकर कार्य में गति लानें एवं आसपास के मिलनें वाले नालों तथा चेंबर की तल्ली से सफाई करानें की हिदायत निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दी। महापौर श्रीमती सूरी नें दो टूक शब्दों में कहा कि नाले-नालियों की सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रभारी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, सुरेन्द्र गुप्ता बीना संजू बैनर्जी, गोविंद चावला, पार्षद श्रीमती शीला सोनी, शकुंतला सोनी, उमेन्द्र अहिरवार ओमी, पूर्व पार्षद कमलेश चैधरी, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की विशिष्ट मौजूदगी रही।



महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्कूल के सामनें स्थित बस्ती के लोगों द्वारा बताया कि बस्ती से से होकर गुजरनें वाले नाले नाले में निर्मित चेंबर की सफाई ठीक तरह से न होनें के कारण अतिवर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति का सामना बस्ती के लोगों को करना पडता है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा चेंबर से हो रही वर्तमान जल निकासी का निरीक्षण करते हुए सुगम जल निकासी की व्यवस्था हेतु चेंबर तथा बस्ती से मिलनें वाले अन्य आसपास के नालों की भी वर्षा पूर्व तल्ली से सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि अतिवर्षा के दौरान मार्ग में जलभराव की समस्या उतपन्न न हो सके।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्कूल मार्ग में अशोक चैदहा के मकान के सामने स्थित नाले से जलापूर्ति के लिए नाले में झूल रहीं पाईपलाईनों के माध्यम से कचरा एकत्रित होनें की संभावना एवं शुद्ध जलापूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए पाइपलाइनों को व्यवस्थित करानें के निर्देश जल प्रदाय के अधिकारियों को दिए।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 139 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

# किसी ने सीमांकन तो किसी ने की बिजली समस्या पर कार्यवाही कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 139 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिले के सभी उपखंडों, तहसीलों ,जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा,एस डी एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

ग्राम हिनौती निवासी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि अगस्त 2024 में सर्पदंश से मेरी पत्नी की मृत्यु जिला अस्पताल कटनी में हो गई थी। मृत्यु के उपरांत मैंने बहोरीबंद तहसील में मुआवजा हेतु आवेदन भी दिया था।



परंतु मुझे मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम बहोरीबंद को निश्चित समयावधि में समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम गोदाना निवासी ज्ञानी चौधरी ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए कहा कि ग्राम गोदाना पटवारी हल्का नंबर 1 में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1910/4, 1010/7, 1010/13, 3220, 1910/16, 1926/2246/2 एवं 1927/2 है, राजस्व अभिलेख में मेरे नाम पर दर्ज है। 6 माह पूर्व मेरे द्वारा सीमांकन हेतु आवेदन दिया गया था परंतु अभी तक सीमांकन नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार रीठी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम देवडोंगरा निवासी जितेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि गांव के आदिवासी मोहल्ला में लगा ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है। परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग के अधिकारी को समय-सीमा में कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कटनी निवासी क्षमा पांडे ने बताया कि मेरे पति अमित पांडे का देहांत दिसंबर 2024 में हो चुका है। उनका नाम संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत है। आवेदन देने के बाद भी योजनांतर्गत अनुग्रह राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। आय का अन्य स्त्रोत न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम कटनी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### बाहर ही सुनीं समस्यायें

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में मौजूद सभी आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुनने के बाद ज्यों ही बाहर निकले त्यों ही जनसुनवाई में विलंब से पहुंचें 3-4 लोग हाथों में आवेदन लिए कलेक्टर को बाहर दिखे। इस पर कलेक्टर श्री यादव संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आवेदकों के पास खुद पहुंच गए और कहा -कैसे आना हुआ,इस पर आवेदकों ने कहा कि मुझे जनसुनवाई मे पहुंचने में विलंब हो गया और जनसुनवाई खतम हो गई। इस पर कलेक्टर ने कहा - कोई बात नहीं, बतायें किस लिए आये हैं,आप अपना आवेदन मुझे दे देवें और समस्या भी बतायें,उनका नियमानुसार निराकरण भी होगा।

## इलाज के लिए 1.10 लाख रुपये स्वीकृत

**कटनी।** मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान मद से 3 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए 1 लाख 10 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी माधवनगर निवासी रामप्रसाद पाण्डेय की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 65 हजार रुपये, रोशन नगर मुरवारा निवासी गायत्री तिवारी को 25 हजार रुपये एवं खलवारा निवासी गायत्री पति सुरेश कुमार मोगेरिया के उपचार हेतु 20 हजार की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

# वंचितों एवं आदिवासियों को भूमि अधिकार पत्र देने एकता परिषद ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले जनसुनवाई में दमोह मुख्यालय पहुंचकर पटेरा ब्लॉक के ग्राम कजरा माफी, महगवा ,कौवाख्वा एवं ब्लॉक तेन्दूखेडा.के माधौ,सर्रा, फुलर, बोरिया, सरसेला के अनेक वंचित एवं आदिवासियों ने वन अधिकार कानून के अंतर्गत लगाये गये उनके दावों की जांच कर वन अधिकार पत्र दिए जाने, त्रृटि पूर्ण पटटों मे सुधार करना, विवादित वन- राजस्व भूमि मामलों का निराकरण करने, वन विभाग की तानाशाही पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि ग्राम कजरा माफी के आदिवासियों ने वन अधिकार कानून के अंतर्गत दावा लगाकर



काबिज कृषि भूमि का पटटा मांगा था। लेकिन उन्हें आवासीय भूमि का पटटा दे दिया गया। इस व्यवस्थागत खामी का खामिजयाना अनेक आदिवासी भोग रहे हैं।महगवा एवं कौवाख्वा के आदिवासी वर्षों से जंगल की जमीन पर कब्जा करके कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं। उनके द्वारा वन अधिकार कानून के अंतर्गत विधिवत अपने दावे कई बार लगाए गए । किंतु आज दिनांक तक उनके दावों की जांच नहीं की गई। परिणाम स्वरूप एक और जहां उन्हें वन विभाग परेशान कर रहा है ।उनकी भूमि पर नर्सरी लगा रहा है। वहीं दूसरी ओर उन्हें विधिवत बन अधिकार पत्र भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे इनकी आजीविका खतरे में पड़ी हुई है। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के माधौ सर्रा क्षेत्र के अनेक आदिवासियों की वर्षों से काबिज राजस्व की जमीन वन विभाग द्वारा बलपूर्वक अवैध तरीके से वन व भाग की बताकर छीन ली गई है। विवादित वन एवं राजस्व भूमि के मामलों के चलते अनेक वंचित आदिवासी परिवारों को परेशान किया जा रहा है । ओके सभी मामलों की शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से ज्ञापन के माध्यम से की गई है।इस मौके पर शिवलाल आदिवासी, बीरेंद्र दुबे, अयोध्या प्रसाद , मोहन सिंह आदिवासी, जिला रानी, सन्तोष आदिवासी, राजू सिंह, सुखरानी आदिवासी, माया रानी, गली बहु, आदिवासी, अवध रानी, कैश रानी, प्रेम रानी, विद्या रानी, गीता रानी भारत सिंह, सुरेश सिंह कुसुम रानी ,राजू आदिवासी रानी आदिवासी ,कोदू सिंह सहित बडी. संख्या में पीड़ित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### उड़द और मूंग की फसल खरीद की मांग

**बनवार।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने दमोह कलेक्टर को ज्ञापन दिया है, भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने मांग की है कि सरकार उड़द और मूंग की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदे। संगठन का आरोप है कि सरकार की इस नीति से किसान अपनी फसल को कम दामों पर बेचने को मजबूर हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द ही फसल खरीदने के लिए कदम नहीं उठाया, तो वे किसानों के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### आदित्य मोदी बने विधायक प्रतिनिधि



**तेंदूखेड़ा।** जवेरा विधायक व राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आदित्य मोदी पिता मनीष मोदी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक की गैर मोजूदगी में सामुदायिक केंद्र में आयोजित होने बाली समस्त बैठको एवं अन्य कार्यक्रमो में विधायक का प्रतिनिधित्व करेगें। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, गोविन्द यादव, रश्मि साहू, विवेक जैन, डीके सोनी, सतेन्द्र जैन सहित सेकेड़ो कार्यकर्ताओ ने बधाईयां दी।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 11 पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सेवा सुशासन गरीब कल्याण विकास और राष्ट्र निर्माण को समर्पित मोदी सरकार के 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जबेरा जनपद और सिंग्रामपुर मंडल के ग्राम सिंगपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत 11 फलदार पौधों का रोपण किया और इन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आज सिंग्रामपुर मंडल कार्यकर्ताओं के साथ 11 फलदार पौधों का रोपण कर इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया है और हम सभी प्रधानमंत्री जी को शुभकामनाएं देते हैं कि वह दीर्घायु हो और उनका कुशल नेतृत्व हमेशा देश को मिलता रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव, संतोष अवस्थी, हिमांशु तिवारी, दुर्गेश राय, वीरेंद्र ठाकुर, राहुल श्रीवास्तव, रामू पाठक सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्राचीन बाबड़ी का किया निरीक्षण



दमोह। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे और जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने ग्राम पंचायत चौपरा में 200-300 साल पुरानी प्राचीन बाबड़ी का निरीक्षण किया। इस बाबड़ी का जल गंगा संवर्धन अभियान द्वारा सफाई एवं नवीनीकरण का कार्य किया गया है। बावड़ी 10 फुट पानी भरा हुआ है, जो गर्मी में खाली नहीं होता है।और चौपरा की आधी आबादी को गर्मी के दिनों में पानी मिलता रहता है जीर्ण-शीर्ण बाबड़ी का नवीनीकरण एवं सुधार कार्य किया गया है। जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे बाबड़ी का संरक्षण और रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर सहायक यंत्री शिवाजी गौड़, उपयंत्री सुरेश प्रजापति, उपयंत्री आरके जैन, उपयंत्री राजकरण वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# श्री सिंघई जैन मंदिर में श्रावक संस्कार शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

समाधि सम्राट आचार्य भगवंत विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य विधा शिरोमणि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं निर्यापक श्रेष्ठ मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से जैन समाज की आध्यात्मिक जागृति के लिए आयोजित श्रावक संस्कार शिविर का शुभारंभ अत्यंत भावमय वातावरण में हो चुका है। सद्भाव, संस्कार और सादगी के संगम से सजे इस शिविर में 500 से अधिक शिविरार्थी, जिनमें बालक, बालिकाएं, युवक-युवतियां एवं वरिष्ठजन शामिल हैं, आत्मशुद्धि और धर्मज्ञान की गंगा में अवगाहन कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं मंगला आरती के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं



गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। शिविर को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे आमंत्रित विद्वान एवं अतिथिः में डॉ. आलोक मोदी विषय प्रवक्ता, डॉ. प्रदीप शिविर प्रभारी, विपिन जी, केंद्रीय विद्यालय, बाहुबली शिविर सह प्रभारी, सर्वज्ञ जी, आशीष सोजना गायक, अनिकेत मुहली समयसार टॉपर, सबन जैन सिल्वर शिविर संयोजक, आयोजन समिति सदस्य दिलेश चौधरी, राजेश ओशो, नीलेश चौधरी, राज नायक श्रीकांत सिंघई, सुधीर जैन डब्लू, वायनल चौधरी, अर्नब जैन, अनिमेष सिंघई, शूजल जैन, श्रीमती अंतिम जैन, श्रीमती बर्षा जैन, श्रीमती सपना जैन, श्रीमती श्रद्धा जैन, श्रीमती प्राची सिंघई, श्रीमती गरिमा चौधरी रहें। शिविर की संरचना अनुसार हर आयु वर्ग के लिए अलग आयोजनः बाल संस्कार वर्ग (भाग 1 व 2) प्रारंभिक शिक्षा के रूप में बच्चों को पेंटिंग, कैलीग्राफी, नृत्य एवं संगीत जैसे रचनात्मक माध्यमों द्वारा धर्म से जोड़ा जा रहा है। बाल संस्कार की यह नींव आने वाली पीढ़ी को शील, समता व सहिष्णुता की दिशा में ले जाएगी।

वयस्क वर्ग – प्रातः 8:15 से 9:15 तक, गूढ़ धार्मिक ग्रंथों एवं आत्मविकास से जुड़े विषयों पर गहन मंथनः लेश्या (मार्गणा), छहढाला जी, द्रव्य संग्रह, तत्त्वार्थ सूत्र, दोपहर 3:30 से 4:30

डॉ. आलोक मोदी के सान्निध्य में प्रतिदिन एक एक विशेष विषयः 9 जून दर्शन, 10 जून संयम, 11 जून संज्ञत्व, 12 जून भव्यत्व, 14 जून आहार, 15 जून – उपयोग व अधिकार और साथ ही इष्टोपदेश एवं रत्नकरण्डक श्रावकाचार जैसे अमूल्य ग्रंथों पर भी चर्चा हो रही है। शाम 7:30 से आरती, प्रतिक्रमण, पाठ आदि का आयोजन, संयोजन में भागीदारी निभा रहे प्रमुख सहयोगी संगठनः जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा, दमोह, महिला जैन मिलन सिंघई मंदिर, महिला महासमिति सिंघई मंदिर, शिविर संचालन एवं मंदिर समितिः मंदिर अध्यक्ष सुधीर सिंघई, संरक्षक कपिल मलैया, सुरेन्द्र सराफ, संतोष सिंघई, डॉ. आई.सी. जैन, जिनेन्द्र जैन (हटा), विपिन जैन, मनीष चौधरी रहे।

इस श्रावक संस्कार शिविर के माध्यम से जैन समाज धर्म के मूल स्तंभों को जीवंत कर रहा है, जिससे न केवल आत्मिक शुद्धि हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और संस्कृति का सशक्त संचार भी हो रहा है।

## 318 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत एवं डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 318 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 164 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 18 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम इमलाई के मृतक के परिजन ने पीएम सुरक्षा बीमा की राशि दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार निवासी किल्लाई दमयंतीनगर दमोह ने केवायसी करवाने सबंधी, हिनौता आजम के आवेदक ने नक्शा की फीडिंग ऑनलाईन करने तथा एक अन्य आवेदक ने स्लॉट बुकिंग की दिनांक बढ़ाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बातों, समस्याओं तथा इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 23 निराकृत एवं 14 आवेदन लंबित हैं। इसमें सीतानगर, पतलौनी, कुम्हारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

## आंगनबाड़ी में हुआ आरटीई वितरण



**रनेह।** मध्य प्रदेश शासन की मनसा अनुसार अवकाश के दौरान जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिला कार्यक्रम अधिकारी जयंत सिंह वर्मा के निर्देशन में एवं सी डी पी ओ शिव राय के मार्गदर्शन में हटा सेक्टर पर्यवेक्षक चंद्रकांति बहुत्रा की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र बरखेरा चैन में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को एचसीएम ताजा पका गर्म भोजन की जगह आरटीई का वितरण, सत्यापन एवं गुणवत्ता की जांच कार्यकर्ता ज्योति पटेल सहायिका बेबी अहिरवार द्वारा बच्चों को पौष्टिकता से भरपूर खिचड़ी दलिया का वितरण किया गया।

# नए सत्र के साथ अनुपम आयोजन करेगी भारत विकास परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह के केशव नगर, सरस्वती विद्या विहार स्कूल के सभा कक्ष में भारत विकास परिषद की अहम बैठक रीजनल पदाधिकारीयों के नेतृत्व में आयोजित की गई भारत विकास परिषद के बीते सत्र के क्रियाकलापों पर समीक्षा करते हुए रीजनल पदाधिकारीयों ने दमोह शाखा के सदस्यों की खुले मंच से प्रशंसा की वही आगामी समय में नए सत्र के साथ ही नए-नए आयोजनों के बारे में उपस्थित दमोह शाखा के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया.यहां पर मौजूद भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील कोठारी ने उपस्थित सदस्यों को प्रेरित किया और संगठन के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, वही परिषद के राष्ट्रीय सदस्य पर्यावरण जितेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया




कि किस तरह से पर्यावरण के क्षेत्र में परिषद को कम करना है. वही यहां पर उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए प्रांतीय सचिव श्रीमती भारती गौरव ने महिला संबंधी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रांतीय सचिव राजीव विल्थरे और जिला अध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने भी भारत विकास परिषद के उपस्थित सदस्य को संबोधित किया इस बैठक के दौरान सचिव विक्रम सिंह राजपूत ने भारत विकास परिषद दमोह शाखा का वार्षिक प्रतिवेदन रखा, साथ ही इस बैठक के दौरान आदित्य चौरसिया उपाध्यक्ष, महेंद्र ताम्रकार उपाध्यक्ष, श्रीमती किरण दुबे गोस्वामी उपाध्यक्ष, मिथिलेश मिश्रा कोषाध्यक्ष, रामा गुप्ता, मनीष सोनी प्रांतीय मीडिया प्रभारी, श्रीमती अनुराधा गोस्वामी, श्रीमती नीता मिश्रा, धनेश जैन, पंकज खरे की उपस्थिति रही. कार्यक्रम का सफल संचालन भूपेंद्र जैन ने किया।

# पड़रिया थोबन में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई शाखा जबेरा द्वारा कृषि ऋण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को जबेरा जनपद के ग्राम पड़रिया थोबन में एक वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप में गांव के किसानों, महिलाओं और युवाओं सहित छात्र-छात्राओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कैंप में एसबीआई शाखा जबेरा के शाखा प्रबंधक मिथिलेश कुमार चौधरी, लीड बैंक अधिकारी नरेंद्र सोनी, फील्ड ऑफिसर आकाश दास एवं एफओएस सौरभ जैन द्वारा प्रतिभागियों को बैंक की कृषि ऋण योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल बैंकिंग के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच अंशुल बाजपेयी सहित संतोष बाजपेयी, रवि बाजपेयी,गणेश, मुकेश बाजपेयी माधवी, रामकुमार, पुनीत, परसोत्तम, कमलेश, ओमकार पटेल जितेंद्र, हरिशंकर, गोविंद, बब्लू, हीरालाल एवं अनेकों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कैंप में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक की योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया और वित्तीय साक्षरता से संबंधित अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। शाखा प्रबंधक श्री चौधरी ने बताया कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कैंप एसबीआई की ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है जिसके तहत बैंक समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# ब्लड डोनेट कर जरूरतमंद को दे सकते है नया जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रक्तदान के बाद शरीर मे किसी भी तरह की कमजोरी नहीं आती है ये केवल एक भ्रांति है रक्तदान के बाद न ए ब्लड सेल्स बनते हैं और हमें यह कई बीमारियों होने से बचाता भी है ऐसे ही विशेष जानकारी तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी द्वारा रक्तदान शिविर के दौरान दी है उन्होंने बताया कि अगर हमारा एक छोटा सा प्रयास अगर किसी जरूरतमंद को जीवन दे सकता है तो हमें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। दरअसल जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले भर में चलाएं जा रक्तदान अभियान के तहत तेन्दूखेड़ा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें युवाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और ब्लड डोनेट किया साथ ही लोगों को रक्तदान कर लोगों को जिदंगी बचाने के लिए प्रेरित किया गया जहां शिविर में 10 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया जहां नगर में रक्तदान शिविर में पहुंचकर लोगों ने रक्तदान किया और लोगों को भी रक्तदान करने जागरूक किया गया। रक्तदान शिविर में जनपद सीईओ मनीष बागरी ने अपना 22 वां रक्तदान दिया इसके अलावा डॉ अमित बिरथरिया, अमित साहू, सुशील सोनी, सोनू बेन, दिनेश लोधी, लक्ष्मी पनिका आदि ने रक्तदान किया। तेंदूखेड़ा सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। 18 से 50 वर्ष तक व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। जिसका हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक हो वही रक्तदाता बन सकता है। रक्तदान के 7 दिन बाद रक्त रिकवर हो जाता है। इसके अलावा हार्ट डिसीज, डायबिटीज का मरीज, मिर्गी के मरीज रक्तदान नहीं कर सकते हैं।

## पनीर, घी एवं खोवा के लिए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में विभिन्न दूध डेयरी,पनीर एवं खोवा विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही प्राइवेट बस स्टैंड स्थित बालाजी दूध डेयरी,बस स्टैंड,पुरानी जिला पंचायत स्थित सुमित ट्रेडर्स एवं घंटाघर स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स पर की गई है। मौके पर बालाजी दूध डेयरी के परिसर से पनीर के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इसी तरह बस स्टैंड,पुरानी जिला पंचायत स्थित सुमित ट्रेडर्स से पनीर एवं मिल्की मिस्ट ब्रांड गाय का घी के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इसी तारतम्य में घंटाघर स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स से खोवा का नमूना जांच हेतु लिया गया है। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर समस्त दूध डेयरी संचालकों को शुद्ध गुणवत्तायुक्त दूध,दही,पनीर,घी, क्रीम सहित अन्य दुग्ध पदार्थ ग्राहकों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों को धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

# हत्या के आरोपी पुष्पेन्द्र केवट को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 20.09.2022 पुलिस चौकी चंदौरा थाना अजयगढ़ के आरक्षक द्वारा थाना नरैनी जिला बांदा उ.प्र. से मृतक गुद्दा उर्फ संतोष निवासी ग्राम चांदीपाठी थाना अजयगढ़ की मर्ग डायरी असल मर्ग नंबर पर कायमी हेतु लाकर पेश की गयी थी, तो थाना अजयगढ़ के मर्ग क्र.-48/22 धारा-174 दं.प्र.सं. पर कायम कर जांच की गयी थी। जांच के दौरान मृतक के पिता, मां एवं गवाह हरि केवट के कथन लेखबद्ध किए गए, जिन्होंने बताया कि दिनांक 12.09.2022 को मृतक गुद्दा केवट ने गांव के पुष्पेन्द्र केवट को गांव की ही लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिससे पुष्पेन्द्र को डर था कि वह बात को फैला देगा। तब पुष्पेन्द्र केवट ने अपने दोस्त लाल खिलावन के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से मृतक गुद्दा केवट को खाने पीने की पार्टी के बहाने दिनांक 13.09.2022 को शाम 7 बजे चांदीपाठी नहर के पास बुलाया तो मृतक गुद्दा अपनी मोटरसाइकिल से पहुचा और दोनों ने मिलकर गुद्दा केवट को मारकर नहर के बहते पानी में फेक दिया और उसकी मोटर साईकिल भी नहर में फैक दी, जिससे मृतक गुद्दा का शव बहकर दिनांक 15.09.2022 को थाना नरैनी उ.प्र. क्षेत्रांतर्गत ग्राम पनगरा के पास मिला। थाना नरैनी जिला बांदा उ.प्र. की पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने पर मृतक के जीजा रामकिशोर केवट द्वारा पहचान की गयी। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। चिकित्सक द्वारा मृतक गुद्दा केवट की मत्यु शॉक एवं सिर की चोट, जबड़ा की हड्डी टूटने और अत्यधिक खून बहने के कारण तथा एंटीमार्टम हेड इंजुरी आना लेख किया। विवेचना के दौरान आरोपी पुष्पेन्द्र और सह आरोपी विधि विरूद्ध बालक द्वारा अपराध घटित किए जाने पर विवेचना प्रारंभ की गयी। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान सुरेन्द्र मेश्राम, प्रथम अति. सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से दो लोगों की मौत

**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक के तेन्दूखेड़ा और तेजगढ़ थाना क्षेत्रों के अंतर्गत दो ग्रामों में सर्पदंश से दो लोगों की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है पहला मामला ग्राम बिसनाखेडी से सामने आया है जहां पर धनश्याम पिता हरिश्चंद यादव उर्म करीब 30बर्ष अपने खेत में खाद डालते समय सांप ने डस लिया जहां परिजन युवक को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया गया पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया दूसरा मामला तेजगढ़ थाना क्षेत्र गाड़ाघाट से सामने आया है जहां बीती रात पार्वती पति दुर्जन सिंह लोधी उम्र 38 वर्ष को रात में घर पर ही सांप ने डंस लिया परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉ द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा सुबह पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया दोनों मामलों में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

### तुअर पंजीयन की अंतिम तिथि 17 जून

**दमोह।** खरीफ 2024 ( विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल से प्राप्तर रिपोर्ट में तुअर के पंजीकृत कृषको एवं उपार्जन के कृषको की संख्यार कम होने को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा उक्तानुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन, सत्योपन, स्लॉपट बुकिंग तथा उपार्जन अवधि में अंतिम तिथि वृद्धि करने का निर्णय लिया गया हैं। इस सबंध में उप-संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया तुअर् पंजीयन की अंतिम तिथि 17 जून 2025 निर्धारित की गई हैं। साथ ही पंजीकृत कृषको एवं रकबे के सत्यारपन की अंतिम तिथि 19 जून 2025, कृषको द्वारा तुअर उपार्जन हेतु स्लॉकट बुकिंग की अंतिम तिथि 19 जून 2025 एवं तुअर उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जून 2025 निर्धारित की गई हैं।

दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# क्षेत्र में अराजकता का माहौल: थाना प्रभारी को हटाने सड़कों पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया





पथरिया में बीती रात के मुख्य संजय चौराहे के पास एक नाबालिक चाट की दुकान से चाट लेकर अपने घर की ओर जा रही थी तभी पुरानी स्टेट बैंक के पास अवैध शराब बिक्री एवं ढाबा पर बैठे कुछ लोगों द्वारा उसे खीचकर ले गये बालिका जैसे तैसे छूट कर घबराती हुई घर पहुंची जहां उसने यह वारदात अपने परिवार को सुनाएं। जिसकी जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया देखते ही देखते लोग एकत्रित हो गए। लोगो ने पुलिस थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वही थाने में रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी की जाने लगी। विरोध में रात्रि में लगभग 1 बजे तक हंगामा चलता रहा। एएसपी संदीप मिश्रा भी रात्रि में मौके पर पहुंचे और ढाबे का स्थल निरीक्षण भी किया। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर मंगलवार सुबह पथरिया के व्यापारियों ने समूहिक रूप से बाजार बंद कर थाना प्रभारी सुधीर बेगी के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया। स

'जय चौराहे पर चक्का जाम कर थाना प्रभारी हटाओ पथरिया बचाव के नारे लगाए गए। लगभग 3 घंटे तक हंगामा होता रहा। मौके पर अनुविभागी अधिकारी निकेत चौरसिया एसडीओपी रघु केसरी पहुंचे। बातचीत की लेकिन लोग एस पी और कलेक्टर को बुलाने की मांग कर रहे थे। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता जमना जैन ने बताया कि पथरिया नगर का माहौल इतना खराब कभी नहीं हुआ जितना की थाना प्रभारी सुधीर बेगी के समय हुआ। घर-घर शराब जुआ सट्टा हो रहा है पुलिस का किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस सख्त होती तो एक नाबालिक बच्ची के साथ इस प्रकार की छेड़छाड़ ना होती। पथरिया क्षेत्र में अराजकता फैली हुई है। ऐसे थाना प्रभारी को तत्काल हटा देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुये नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ी करने वाले दरिंदे को शीघ्र पकड़ने सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही नगर में मंदिरों, स्कूल सामाजिक जगहो पर मांस शराब चखना घर बंद किए जाने की मांग की जिससे महिलाएं जनमानस सुरक्षा महसूस करे। ज्ञापन सौंपने वालों में संजय जैन वैश्व समाज, सुदेश चौरसिया,जमना जैन,नवीन जैन, प्रशांत जैन, कवीश सिंघई आदि नगर के समस्त समाज के लोग उपस्थित थे। मामले में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा का कहना है कि रात्रि में जो घटना हुई थी। मौके पर भी मैं निरीक्षण किया था सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लगातार जांच चल रही है जो भी दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी शराब की सूचना मिलती है तत्काल कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद ही चका जाम प्रदर्शन खत्म हुआ।

उल्लेखनीय है कि कहने के लिए मंत्री का क्षेत्र है पर विगत दिनों से क्षेत्र में लगातार अवैध कारोबार करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गये है कि कानून का डर खौफ नही बचा। नगर में अवैध गतिविधियों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। मंगलवार को नगर के समस्त दुकानदारों ने अपने अपने प्रतिष्ठान दिन भर के लिए बंद करके विरोध प्रदर्शन किया व नगर में खुलेआम जगह-जगह अवैध कारोबार जुआ, सट्टा शराब बिक्री व विगत दिवस नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ को लेकर नगर के प्रमुख संजय चौराहा पर 3 घंटे तक चक्काजाम किया और टीआई हटाओं पथरिया बचाओ के नारेबाजी की।

# जून में अगस्त तक का राशन हितग्राहियों को एकमुश्त मिलेगा

## राशनकार्ड धारकों को अच्छी खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शासन के निर्देशानुसार समूचे प्रदेश के साथ हटा विकासखंड की समस्त राशन दुकानों में जून में आगामी तीन माह का एकमुश्त राशन हर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्नों के वितरण प्राथमिकता के साथ तीन माह का राशन समय पर और पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाने हेतु नोडल अधिकारियों को आदेशित किया गया जिसका आवंटन प्रत्येक राशन दुकानों में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के साथ हटा अनुविभाग के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का गेहूं चावल एकमुश्त प्रदाय किया जायेगा। यह माह जून में ही समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा। इसके लिए जून माह तक समस्त उचित मूल्य दुकानों में 3 माह के खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित कर वितरण हेतु निर्देशित किया गया है। आपूर्ति अधिकारी राकेश कन्होआ ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाला खाद्यान्न पात्र परिवारों को 03 महीने की एकमुश्त राशन 'सामग्री का वितरण किया जाएगा। आगामी मानसून में राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण एवं पात्र परिवारों को समय-सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध करानें के लिए माह जून, जुलाई एवं अगस्त का एकमुश्त रत राशन का वितरण माह जून से किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान पात्र परिवारों को पीओएस मशीन पर तीन बॉयोमेट्रिक सत्यापन उपरांत राशन का वितरण होगा। तीन माह की पात्रता अंत्योदय परिवारों को खाद्यान्न 105 किलो प्रति परिवार निःशुल्क, नमक 3 किलो प्रति परिवार 3 रूपये में तथा 3 किलो शक्कर प्रति परिवार 60 रूपये में दी जाएगी।

### कई दुकानों में पर्याप्त भंडारण नहीं-

विभाग की ओर से निर्देश जारी किया गया है कि तीन माह का एक साथ खाद्यान्न वितरण करने के लिए सभी राशन दुकानों में गेहूं का पर्याप्त भंडारण किया जाए, ताकि दुकानों में पहुंचने वाली हितग्राहियों को वापस लौटना नहीं पड़े। इस निर्देश के बाद भी अब तक कई दुकानों में पर्याप्त गेहूं का भंडारण हीं नहीं किया गया है। हटा विकासखंड में ही ऐसी कई दुकानें हैं, जहां अब तक तीन माह का पर्याप्त भंडारण नहीं किया गया है।

# कर्मचारी ड्यूटी से नदारत फिर भी मिल रहा वेतन

**पथरिया।** अनुविभागीय मुख्यालय अंतर्गत आने वाले कार्यालयों में कई विभागों में कर्मचारियों की नियमित नही आने के बाद भी विभाग प्रमुख द्वारा वेतन बराबर दिया जा रहा है शासन के कुछ कार्यालय में सार्थक व अन्य पोर्टल पर हाजिरी ली जा रही है लेकिन जिन कर्मचारियों को नही आना उन पर कोई प्रभाव नही पड़ता। कारण भी है जब बिना ड्यूटी पर जाए वेतन पूरा मिल रहा है तो क्यों जाए। अगर कोई कुछ बोलें तो इधर उधर से जनप्रतिनिधियों से कार्यालय प्रमुख को मोबाइल पर बात करवा देते हैं जिससे उनकी मनमर्जी चल रही है। कुछ विभाग को छोड़ प्रायः सभी भी 2-4 कर्मचारी मिल जाएंगे जो महीनों से नही अपनी ड्यूटी पर आ रहें। वाकायदा वेतन पूरा मिल रहा है। सिस्टम लाख कोशिश कर लें पर जब तक विभाग में अधिकारी व लेखापाल ऐसे रहेंगे तब तक सुधार संभव नहीं। क्योंकि जिनको जिम्मेदार है वह क्या कारण रहता है कि बिना ड्यूटी के बाद भी वेतन पूरा दें रहें हैं या फिर मिलीभगत है जिससे यह सब चल रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए कि आखिर किस विभाग में कौन कर्मचारी कब से नदारद है और वेतन पूरा मिल रहा। जिलें के जवाबदेह प्रशासन के मुखिया इस पर ध्यान देंगे ऐसी जनपेक्षा है।

# युवक की पानी में डूबने से मौत

**तेंदूखेड़ा।** बल्लू उर्फ कंछेदी पिता गोपाल केंवट 35 निवासी ग्राम अमवाही थाना तेंदूखेड़ा की नगर वार्ड क्रमाक 9 के भटरियां मौहल्ला के आगे नंक्की घाट नदीं में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बल्लू सोमवार को नदी में मछली मारने के लिए गया था। साथ ही बल्लू को फिट आने की बीमारी थी और नदी के किनारे मंछली मारते समय फिटआने के कारण बल्लू झाडियो के निकारी गिरकर पानी में डूब गया था। आने जाने बाले लोगो ने व्यक्ति को नदीं में डूबे होने की सूचना पुलिस को दी गई। मंगलवार की सुबह पुलिस ने बल्लू के शव नदी से निकाल कर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम करया गया। पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्लू कुछ दिनो से अमवाही ग्राम को छोडकर भटरियां में रहने लगा था। साथ वह मछली मारने गया था। फिट आने के कारण नदीं में डूब गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित तीन अन्य पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**हटा।** विगत 24 मई को रात्रि में हटा सिविल अस्पताल में दुर्घटना में घायल रामस्वरूप पटेल का इलाज करने से रोकने और उन्हें इलाज हेतु दमोह रैफर करने के बाद ले जाने वाले उनके पुत्र और परिजनों से गाली गलौज कर मारपीट करने एवं रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देने पर हटा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सहित तीन अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजवार निवासी रोहित पटेल ने हटा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 मई को उनके पिता रामस्वरूप पटेल का रनेह बिजवार सड़क के पास बाइक से दुर्घटना ग्रस्त हो गए थे जिन्हें घायल अवस्था में एंबुलेंस से हटा अस्पताल लाए थे सिविल अस्पताल में पूर्व से उपस्थित मनीष पलया लकी ठाकुर निवासी हटा एवं बिजवार निवासी राजा ठाकुर एवं सौरभ घोसी ने हम लोगों के साथ अकारण मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी पिताजी की हालत गंभीर होने पर जब डॉक्टर ने दमोह रैफर किया तो इन चारों लोगों ने हमें एंबुलेंस में जाने में व्यवधान पैदा किया हम उनका इलाज करने समय से दमोह नहीं ले जा पाए और इसी कारण से पिताजी का इलाज प्रभावित हुआ उन्हें पहले जिला अस्पताल ले गए और फिर मेडिकल कॉलेज जबलपुर जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया।इलाज में विलंब एवं पिता की मौत के लिए इन चारों को दोषी मानते हुए वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसमें हटा पुलिस थाना में अपराध क्रमांक 217/25 बीएमएस की धारा 126(2), 296 115(2), 351(2) ,3(5) के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# फोरम ने मानी रेल्वे विभाग को सेवा में कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

उपभोक्ता फोरम द्वारा रेल्वे की सेवा में कमी का दोषी मानते हुये परिवादी को किराया वापिस करने एवं क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया। परिवादी पी.आर. पटेल एडवोकेट ने एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया था कि वह माह दिसम्बर 2024 में ब्रहमकुमारी विश्वविधालय शिविर में माउंटआबू सोमनाथ जबलपुर ट्रेन से गये हुये थे और दिनांक 02/12/2024 को सोमनाथ जबलपुर ट्रेन कमांक 11465 से उनका रिजर्वेशन अहमदाबाद स्टेशन से दमोह स्टेशन तक का था। परिवादी दिनांक 02/12/2024 को अहमदाबाद से सोमनाथ ट्रेन से दमोह आ रहे थे जैसे ही ट्रेन भोपाल स्टेशन पहुंची तभी अचानक रेल्वे विभाग द्वारा ट्रेन का रूट परिवर्तित करके भोपाल वाया इटारसी कर दिया गया और परिवादी को दमोह स्टेशन न छोडकर जबलपुर स्टेशन पर छोड दिया गया जबकि परिवादी को दमोह स्टेशन पर उतरना था तब परिवादी ने रेल्वे विभाग को एक नोटिस प्रेषित किया कि उनसे अहमदाबाद से दमोह तक का किराया लिया गया लेकिन उन्हें जबलपुर स्टेशन छोड दिया गया रेल्वे विभाग का उपरोक्त कृत्य सेवा में कमी का स्पष्ट प्रतीक था। रेल्वे विभाग ने परिवादी का नोटिस प्राप्ति के बाबजूद भी न तो किराया वापिस किया और न ही कोई क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की तब परिवादी ने माननीय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह के समक्ष इस आशय का परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जिसका परिवाद पत्र कमांक 28/2025 था। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष आर के सिघई एवं सदस्य राजेश कुमार ताम्रकार ने परिवादी के अधिवक्ता पी.आर. पटैल, मयंक पटैल, अनूप कुमार, अलका कोष्टी, शुभम आनंद एवं हरिदास अहिरवाल के तर्को से सहमत होकर परिवादी का परिवाद पत्र स्वीकार कर रेल्वे विभाग को सेवा में कमी का दोषी पाते हुए कहा कि रेल्वे विभाग को परिवादी द्वारा लिये गये किराये को वापिस करना था या अन्य ट्रेन की व्यवस्था कर परिवादी को गंतव्य स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था करना थी ऐसा न कर रेल्वे विभाग को परिवादी के प्रति सेवा में कमी का दोषी पाया पारित किया। और परिवादी को क्षतिपूर्ति एवं किराया वापिस दिलाये जाने का आदेश पारित किया।

# प्रसव के 11 दिन बाद हालत बिगड़ने पर महिला की मौत

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थानातंर्गत 20 वर्षीय महिला सोमवती पति दिनेश गौड़ की डिलेवरी होने के 11 दिन बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चे के जन्म होने के बाद महिला के स्वास्थ्य के उपर ध्यान नहीं दिया गया। साथ ही एचबी की भी कमी बताई जा रही थी। लेकिन लापरवाही एवं बंगली डाक्टर के चक्कर में पडने के बाद महिला की मौत हो गई ज्ञात हो कि 27 मई को सोमवती की तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी हुई थी अस्पताल से छुट्टी होने के बाद लगभग एक सप्ताह से बीमार थी परिजनों ने सर्रा उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर नर्स एवं डांक्टर ने सोमवती की हालत को देखकर मेडीकल जबलपुर या खेराती अस्पताल दमोह ले जाने की सलाह दी। लेकिन परिजनों ने सर्रा में डांक्टर बंगाली से इलाज कराया और अचानक हालत बिगडे से महिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। सबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ आरआर बागरी ने बताया कि महिला का गर्भवती का पंजीयन नरसिंहपुर में हुआ था ये पति पत्नी दोनों वहां काम करते थे इसलिए जच्चा बच्चा कार्ड नरसिंहपुर का ही बना हैं। तेंदूखेड़ा झरौली में इनकी रिश्तेदार रहती थी उसी ने महिला को 27 मई को भर्ती कराया था। महिला के सारे टेस्ट सही थे 30 मई को छुट्टी होने के बाद रविवार को महिला को बुखार आ गया था। परिजन तारादेही स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। दवाईयां लेने के बाद वापिस घर चले गए थे। उसके बाद सर्रा स्वास्थ्य केंद्र में भी सोमवार को दिखाया था लेकिन नर्स में बाहर दिखाने की सलाह दी थी लेकिन परिजन बंगाली डांक्टर के यहां ले गए जहां उसको आराम लग गया था। लेकिन रात्रि में तेज बुखार आ गया। परिजन सुबह 108 से लेकर तेंदूखेड़ा आ रहे थे लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

# पुलिस ने पिस्टल का जखीरा पकड़ा



**दमोह।** अवैध हथियारों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए दमोह पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा की निगरानी में की गई इस कार्रवाई का मंगलवार की शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता में खुलासा किया गया। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार की टीम ने दिनांक 08 जून 2025 को तीन आरोपियों को धर दबोचा। इनके पास से चार पिस्टल, तीन देसी कट्टे, मैगजीन, पांच कारतूस और एक स्कूटी एमपी 34 एमएम 1675 बरामद की गई। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 2, लाख 27,हजार आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में शेख साजिद उर्फ नवाब 40 वर्ष मास्टर माइंड है, इसके खिलाफ पहले से ही 14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्तिक राजपूत 23 वर्ष इंदिरा कॉलोनी निवासी, दीपक उर्फ डल्लू चक्रवर्ती 21 वर्ष गडरयाऊ मोहल्ला निवासी आरोपियों के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही बीएनएस एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में और भी जानकारियां सामने आने की संभावना है।

पूर्व जनपद सदस्य श्यामसुंदर पटेल ने लिया कन्यादान

# वधु के परिवार में एक दिन पहले हुई मौत तो शादी संपन्न कराने सरपंच ने निभाया दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद





ग्राम पंचायत बलेह के युवा सरपंच जुगल पटेल लंबरदार हमेशा ही जनहित के कार्य करने में अग्रणीय रहते हैं, ऐसी ही एक मानवता की मिसाल पेश करते हुए सरपंच जुगल लंबरदार ने ग्राम की एक दलित युवती रेशमा अहिरवार के शादी के मंडप में पैर पाखर कर शादी संपन्न कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बलैह के ग्राम अदनवारा में एक दुखद घटनाक्रम हुआ ग्राम के ही निवासी नन्नू अहिरवार की नदी में डूबने से मौत हो गई जबकि दूसरे दिन नन्नू अहिरवार के छोटे भाई काशीराम अहिरवार की पुत्री रेशमा अहिरवार का विवाह होना था। शादी की सारी तैयारियां हो चुकी थी मेहमानों को आमंत्रण दे दिये गये थे , लेकिन अचानक ही बेटी के बड़े पिताजी नन्नू अहिरवार की नदी में डूब जाने के कारण मौत हो जाने से हिंदू रीति रिवाज अनुसार जिस घर में मृत्यु होती है उस घर में 13 दिन तक सूतक रहता है । और सूतक काल में घर परिवार में कोई मांगलिक कार्य नहीं होते, ऐसी विषम परिस्थिति में जब शादी के कार्ड बट चुके हो शादी की रस्में प्रारंभ हो चुकी हो फिर शादी कैसे रोकी जा सकती है, इसी बात को लेकर पूरा अहिरवार परिवार हैरान परेशान और चिंतित था। इस संकट की घड़ी में ग्राम के लंबरदार एवं सरपंच जुगल पटेल ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि आप लोग चिंता नहीं करें आपकी पुत्री रेशमा अहिरवार की शादी 9 जून को ही संपन्न कराई जाएगी और शादी की सारी व्यवस्थाएं मैं और मेरा परिवार करेगा, और आनन फानन में सरपंच के परिवार द्वारा विवाह की सारी तैयारियां पूर्ण करते हुए क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री जल खंडेश्वर धाम मैदान में टेंट लगाकर शादी का स्टेज बनवा कर धूमधाम से शादी संपन्न कराई। सरपंच जुगल लंबरदार ने अपनी पत्नी के साथ बार वधू के पांव पखार कर अपने दायित्व का निर्वहन किया , वहीं दूसरी ओर सरपंच के पिताश्री पूर्व जनपद सदस्य श्याम सुंदर लंबरदार ने बेटी रेशम का कन्यादान लेकर पिता के दायित्व का निर्वहन किया। भगवान जल खंडेश्वर के दरबार में ग्रामीण जन एवं आसपास के लोगों को पुराने रीति रिवाज अनुसार जमीन पर बैठा कर पंगत कराई गई। पन्ना जिला के ग्राम सिमरा हातकुरी से आये बारातीयो ने एवं दूल्हा सुरेंद्र अहिरवार के पिता मिजाजी अहिरवार ने ग्राम अदनवारा के सरपंच एवं लंबरदार परिवार का आभार व्यक्त किया।

# दो घरों का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 7 में रविवार एवं सोमवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरो के द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने के प्रयास किए लेकिन चोरो को बिना चोरी करे ही भागने के लिए मजबूर हो गए। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमाक 7 जैन मंदिर की सामने बाली गली में उषा पांडे पति केपी पांडे के घर का अज्ञात चोरो के ताला तोड़ दिया गया। लेकिन घर में कुछ सामान नही होने के कारण चोर वहां से भांग निकले। इसके अलावा इसी रात में मौहल्ले में रहने बाली संध्या ठाकुर के मकान का ताला तोड़ दिया गया। जिस दरवाजे का ताला तोड़ा गया वह दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण चोरो को भागना पड़ा। जिसकी लिखित शिकायत तेंदूखेड़ा थाने में की गई है।

# कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग

## चपेट में आई मोटर बाइंडिंग की दुकान भी जलकर हुई खाक, दमकल वाहन ने पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में रेस्ट हाउस रोड पर लिपटा पुल के समीप मंगलवार की दोपहर आग उगलती भीषड़ गर्मी में एक कबाड़ दुकान में अचानक आग लग गईं। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पास में ही मोटर बाइंडिंग की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया और देखते ही देखते कुछ ही समय में दोनों दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा जहां दो घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दोनो दुकानों में करीब दो लाख रुपए का अनुमानित नुकसान बताया गया है। आसपास के दुकानदारों ने देखा कि कबाड़ की दुकान में आग लग गई है इसकी सूचना दुकान मालिक को दी मौके पर पहुंचे खुर्शीद खान,राशिद खान ने बताया कि यह आग असमाजिक तत्वों ने लगाई है। आग की चपेट में आने से कबाड़ गोदाम में रखा पुट्ठा और प्लास्टिक जलकर खाक हो गया है जिसमे करीब उन्हें डेढ़ से दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वही मोटर बाइंडिंग दुकान के मालिक मनीराम अहिरवार ने बताया कि वह दुकान बंद कर खाना खाने घर चले गए थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि दुकान में आग लग गई है मोके पर आकर देखा तब तक पूरी दुकान जलकर खाक हो चुकी थीं जिसमे उनका 50 हजार रुपए कीमती सामान का नुकसान हुआ है। वही दमकल वाहन की मदद से आग पर कड़ी मशक्कत से काबू पाया गया नही तो बड़ा नुकसान हो सकता था क्योंकि आसपास बड़ी संख्या में दुकानें मौजूद हैं। समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ी घटना टल गई।